प्रसव के बाद देखभाल: घर का दौरा

आशा को निम्नानुसार नियमित रूप से घर का दौरा करना चाहिए।

घर जाकर आप माँ को पर्याप्त आराम तथा पोषण की आवश्यकता के बारे में बताएं। यह सुनिश्चित करें कि नवजात शिशु को गर्म रखा जाता है तथा उसे केवल स्तनपान करवाया जाता है, साथ ही बच्चे में सेप्सिस या अन्य रोग एवं माँ में प्रसव बाद होने वाली समस्याओं के लक्षण पर गौर करें।

सामान्य शिशु में

शिशु का जन्म यदि घर पर हुआ हो:

जन्म के दौरान आशा को अवश्य उपस्थित रहना चाहिए या शिशु के जन्म के १ घंटे के भीतर वहाँ पहुंचना चाहिए।



शिशु का जन्म यदि अस्पताल में होता है:

आशा को वहाँ मौजूद रहना चाहिए और माँ को सहारा प्रदान करना चाहिए।

सभी मामलों में जन्म के बाद आशा को नवजात शिशु तथा माँ के पास निम्न दिनों पर उपलब्ध होना चाहिए:

३, ७, १४, २१, २८, ४२ दिन, फिर दो वर्ष की उम्र तक दो हफ्तों में एक बार।



घरों के दौरे का फ़ॉर्म को भरना न भूलें।